11वाँ मोन्टफोर्ट अन्तर्विद्यालयीन म्यूजिक कॉर्निवाल

'' दुनिया में कितनी भी भाषाएँ हो जाएँ, लेकिन संगीत से अच्छी कोई भाषा नहीं हो सकती ''

आज दिनांक 17.10.2019 को 11वाँ मोन्टफोर्ट अन्तर विद्यालयी म्यूजिक कॉर्निवाल आयोजित किया गया । इस समूह एवं एकल गायन प्रतियोगिता में कक्षा (3 से 5) कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया।प्रतियोगिता में मोन्टफोर्ट विद्यालय सहित अन्य 10 विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। , कार्यक्रम का प्रारंभ दीप –प्रज्जवलन के साथ किया गया । दीप –प्रज्जवलन के उपरांत प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया गया एवं निर्णायकों का स्वागत नन्हे पौधे के माध्यम से विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के निर्णायकों में श्री सुदीप चन्द्रा मुखर्जी म्यूज़ीशियन (रिकॉर्डिंग इंजीनियर) एवं डॉ दीप्ति भटनागर सहायक प्राध्यापक विभागाध्यक्ष श्री सत्य सॉंईं महिला कॉलेज भोपाल आमंत्रित किए गए।

प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व प्रतियोगिता के नियमों से समस्त प्रतियोगियों को अवगत करवाया गया।

प्रतियोगिता के अन्तर्गत समस्त विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया एवं **''प्यारा बचपन''** विषय को ध्यान में रखते हुए अपनी प्रस्तुतियाँ दीं ।

प्रतियोगिता पूर्ण होने के उपरांत निर्णायकों द्वारा समस्त प्रतियोगियों की कला की प्रशंसा की गई तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य द्वारा निर्णायकों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन द्वारा समस्त प्रतियोगी कलाकारों की कला एवं पारस्परिक सामंजस्य की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया एवं उनके प्रभावी प्रदर्शन की सराहना की ।

कार्यक्रम के अन्तर्गत कक्षा तीसरी से पाँचवी तक की प्रायमरी कक्षाओं के हेड बॉय अर्णव सिंह एवं हेड गर्ल मीनल पजनी ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनों का आभार व्यक्त किया।

प्रतियोगिता समाप्त होने के उपरान्त विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए जो निम्न प्रकार हैः–

एकल –गान विनर – सागर पब्लिक स्कूल गाँधी नगर भोपाल
रनर अप – सेन्ट जोसेफ कोएड स्कूल अरेरा कॉलोनी भोपाल
सेकेन्ड रनर –अप – डी. पी एस नीलबड़

समूह–गान विनर – होली फॉमली सीनियर सेकेन्डरी स्कूल भोपाल
रनर –अप – सेन्ट जोसेफ कोएड स्कूल अरेरा कॉलोनी भोपाल

सेकेन्ड **रनर –अप** द संस्कार वैली स्कूल भोपाल
सर्वश्रेष्ठ मंच संचालक –सागर पब्लिक स्कूल गाँधी नगर भोपाल
ओवर ऑल चैंपियन – सेन्ट जोसेफ कोएड स्कूल अरेरा कॉलोनी भोपाल

पुरस्कारों का वितरण विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के के , उप प्राचार्य ब्रदर बाला जोसेफ एवं कोऑर्डिनेटर सिस्टर ऐन्जल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

****